'हिन्दी दिवस उत्सव'

14 सितम्बर 2020

Page No.
Date: / /20

14 सितम्बर 2020 को राजकीय कन्या महाविद्यालय (पिलखुवा) के प्रांगण में 'हिन्दी दिवस' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग व साहित्य परिषद् के द्वारा महाविद्यालय में निबन्ध, कविता और नारा स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमन ने द्वितीय और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता व नारा-स्लोगन प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती ने द्वितीय और रितु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में मौजूद रहे। श्री दीपक कुमार जी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, श्रीमती सुनीता पवार, विभागाध्यक्ष वाणिज्य, श्री देवेन्द्र जी विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र कविता और नारा-स्लोगन प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में मौजूद रहे। श्रीमती पूनम देवी जी विभागाध्यक्ष गणित, श्री प्रदीप कुमार जी विभागाध्यक्ष भूगोल, श्री रविन्द्र जी विभागाध्यक्ष इतिहास। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार जी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मन्जुलता जी ने कहा कि हमें हिन्दी को अपनाते हुए लोगों को भी अपने कदम बढ़ाने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि हिंदी तो माँ है। माँ के साथ चलने में शर्म कैसी? प्राचार्या जी ने कहा कि अन्य भाषा से हमें किसी प्रकार का वैरभाव नहीं है परन्तु हिंदी के साथ चलना हमारा कर्तव्य है।

संजय कुमार
विभागाध्यक्ष हिंदी

| निबन्ध लेखन प्रतियोगिता | | | नारा व कविता लेखन प्रतियोगिता | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | नाम | रोल न. | कक्षा | नाम | रोल न. | कक्षा |
| 1 | कविता | 4710520088 | B.A IInd | 1 वर्षा | 4710620042 | B.Com IInd |
| 2 | अमन | 20010 | B.A IInd | 2 रितु | 4710520011 | B.A IInd |
| 3 | प्रियंका | 20029 | B.A IInd | 3 आरती | 4710520403 | B.A IInd |

'तीज उत्सव'

ई काव्य गोष्ठी

23-7-2020

दिनांक 23 जुलाई 2020 को महाविद्यालय की साहित्य परिषद ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जीन्द के संयुक्त तत्वावधान में तीज पर्व के उपलक्ष में सांय बजे ई- काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथी रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष एवं युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की निदेशक डॉ. ज्योति श्योराण की उपस्थिति शोभायमान थी। आयोजक की अध्यक्षता वरिष्ठ एवं ख्यातिलब्ध कवि डॉ० मनोज भारत ने की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० मन्जुलता रेढू ने विशेष रूप से आयोजन के ई- रूप के विषय में कहा कि कोरोना महामारी ने वैयक्तिक जीवन को ही नहीं बदला अपितु हमारे सामाजिक जीवन, परिवेश, त्यौहार मनाने के ढंग तक को बदले दिया है। घर से बाहर निकलना और पारस्परिक मेल - जोल सम्भव नहीं। परंतु त्यौहार के माध्यम से छात्राओं को संदेश देना और सांस्कृतिक मूल्यों की धरोहर उन्हें सौंपना आवश्यक है। इसी कारण यह त्यौहार इस रूप में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। परिषद् संयोजक श्री दीपक कुमार एवं डॉ० संजय कुमार के अनुसार आयोजन में प्रतिभागिता साहित्य के सशक्त हस्ताक्षरों की रही। यह आयोजन मात्र जिलास्तरीय नहीं अपितु राज्य की सीमाओं को लांघता हुआ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुआ। यह महाविद्यालय के लिए गौरवशाली आयोजन सिद्ध हुआ।

संयोजक

हिंदी विभागाध्यक्ष - संजय कुमार



**दैनिक भास्कर** जींद भास्कर 12-01-2021

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में पिंकी, नारा में मुस्कान और कविता में रितु प्रथम

## पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कॉलेज में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

भास्कर न्यूज

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कॉलेज में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य एवं परिषद अध्यक्ष डा. मंजूलता रेढू ने की। उन्होंने कहा कि हमारी हिंदी हमारे संस्कार की तरह से हमारे भीतर बसी है। यह भाषा मनुष्यता का निर्माण करती है। संस्कृति और सभ्यता की वाहक है। जनमानस के जुड़ाव की भाषा है हिंदी। हमारी हिंदी भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर हमें और अधिक समृद्ध और ऊर्जावान करती है।



जींद. राजकीय कॉलेज में विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

कॉलेज की 123 छात्राओं ने अपनी हिंदी के प्रति भाव अभिव्यक्त करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हिंदी के विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में निबंध लेखन, कविता लेखन और नारा लेखन ऑनलाइन प्रतियोगिताएं करवाई गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा पिंकी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान मधु प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान मीनू द्वितीय वर्ष रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान प्रथम, द्वितीय काफी और तृतीय कृति द्वितीय वर्ष की छात्रा रही। कविता लेखन में द्वितीय वर्ष की छात्रा रितु प्रथम, द्वितीय संगीता रहीं। इस अवसर पर बबीता पंवार, सुरक्षा, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, देवेंद्र, प्रीत कुमार मौजूद रहे।

कविता लेखन प्रतियोगिता / नारा लेखन

| नाम | रोल | कक्षा | नाम | रोल | कक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| ① रितु - | 4710520011 | B.A final | ① मुस्कान | 1205420010 | B.A I |
| 2 तरु - | 20098 | B.A II | 2 काफी | 2070 | B.A I |
| 3 संगीता | 20110 | B.A II | 3 कृति | 4710520042 | B.A II |

10 जनवरी 2021

Page No.
Date : / /20

# 'विश्व हिन्दी दिवस'

'विश्व हिन्दी दिवस' भारत भूमि जन्मे और हिन्दी को अपना गर्व मानने वाले हर व्यक्ति विशेष के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि केवल हम ही नही पूरा विश्व मना रहा है। आज इस गौरव दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भावी पीढ़ी के हृदय में निज भाषा के प्रति आदरणीय भाव रोपित करते हुए विशेष आयोजन किया। इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य एवं परिषद अध्यक्ष डाक्टर मंजूलता रेढू ने की। उन्होंने अपने भावपूर्ण एवं हिंदी भाषा के प्रति गर्वित भाव से कहा कि हमारी हिन्दी हमारे संस्कारों की तरह से हमारे भीतर बसी है। यह भाषा मनुष्यता का निर्माण करती है। संस्कृति और सभ्यता की वाहक है जनमानस के जुड़ाव की भाषा है हिन्दी। हमारी हिंदी भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर हमें और अधिक समृद्ध और ऊर्जावान करती है, उन्नत करती है, उन्नत करती है। आइए नज़रिया बदलें और पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर के अपनी भाषा के लिए स्वयं को समर्पित करें। आने वाली पीढ़ियों में हिन्दी के सम्मान के संस्कार रोपित करें। आयोजन में महाविद्यालय की 123 छात्राओं ने अपनी हिंदी के प्रति भाव अभिव्यक्त करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। हिंदी के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार जी ने प्रसन्न भाव से बताया कि विश्व हिन्दी दिवस पर निबन्ध, कविता, नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। निबन्ध में पिंकी प्रथम, द्वितीय मधु तृतीय स्थान मीनू ने, कविता में प्रथम रितु, द्वितीय संगीता तृतीय तरु ; नारा स्लोगन में प्रथम मुस्कान, द्वितीय काफी, तृतीय कृति रही। निर्णायक मण्डल की भूमिका में रहे - श्रीमती बबीता, श्रीमती सुरक्षा, श्री दीपक कुमार जी, श्री प्रदीप कुमार जी, श्री देवेन्द्र कुमार जी, श्री प्रीत कुमार जी सहयोगी बन निभाई। निर्णायक मण्डल ने बड़ी दक्षता से निर्णय सुनाया। प्राचार्या डा० मंजूलता जी ने सभी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।

हिन्दी विभागाध्यक्ष
संजय कुमार

प्राचार्या
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)




## जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय 'दोहा गायन' प्रतियोगिता
### 'संत कबीर जयन्ती'

Date: 25/06/2021

दिनांक 25 जून 2021 को राजकीय कन्या महाविद्यालय (पिल्लूखेड़ा) में हिन्दी विभाग व साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान पर सन्त कबीर जी जयन्ती के अवसर पर ऑनलाइन जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय 'दोहा गायन' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जीन्द जिले के सभी महाविद्यालयों में से 23 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हिन्दू कन्या महाविद्यालय की स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (इतिहास) की छात्रा मीनाक्षी रही है। द्वितीय स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा, प्रथम वर्ष की छात्रा अंजू रही है। तृतीय स्थान पर इसी महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्रा जानकी व प्रथम वर्ष की पायल रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल भूमिका में रहे डॉ० रमेश कुमार जी सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) चौधरी मनिराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़िया खेड़ा (फतेहाबाद) सिरसा, श्रीमति तनवीर कश्मीरी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल (सोनीपत) 3 श्रीमती पिंकी देवी सहायक प्राध्यापिका हिन्दी, राजकीय पी०जी० महाविद्यालय (सफीदों) मौजूद रहे। निर्णायक मंडल ने बड़ी दक्षता से निर्णय सुनाया। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार जी ने कहा कि भविष्य में छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहेगा। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कमला पवार जी ने विजेता छात्राओं को ई-प्रमाण पत्र वितरित किए।

संयोजक
हिन्दी विभागाध्यक्ष
श्री संजय कुमार

प्राचार्या
Principal ... Girls ... Pillu Khera (Jind)

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 18-09-2021

# ऑनलाइन कविता लेखन में वीरांगना प्रथम

जींद | पिल्लूखेड़ा के राजकीय कॉलेज में राज्यस्तरीय ऑनलाइन कविता लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें करीब 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कविता लेखन में अम्बाला के डीएवी कॉलेज की छात्रा वीरांगना प्रथम स्थान पर रही।

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कॉलेज की छात्रा मधु दूसरे नंबर पर, सोनीपत के जीवीएम कन्या कॉलेज की छात्रा तनीशा तीसरे स्थान पर रही। हिंदी विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि भाषा और संस्कृति ही देश की असली पहचान होती है। कॉलेज प्राचार्य बवीता पवार ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकलकर आती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुनील कुमार, धर्मबीर, सतवीर कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, देवें मौजूद रहे।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

रुपांतरीकरणीय
Transformation Through Education

## हिन्दी-विभाग द्वारा आयोजित
## हिंदी दिवस 14 सितम्बर 2021 के उपलक्ष्य में
## ऑनलाइन राज्यस्तरीय कविता लेखन प्रतियोगिता

प्रतियोगिता

1. कविता मौलिक होनी चाहिए।
2. कविता की भाषा मर्यादित होनी चाहिए।
3. कविता के अंत में प्रतिभागी अपना नाम, रोल नंबर, महाविद्यालय का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य लिखें।
4. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
5. सभी प्रतिभागी 14 सितंबर 2021 तक नीचे दिए गए लिंक पर सुबह 10:00 बजे तक स्वरचित कविता को पीडीएफ फाइल के रूप में भेजें।

हिंदी में बात है क्योंकि हिंदी में जज़्बात है।
हिन्दी दिवस
हिन्दी हमारी शान है, देश का अभिमान है

प्रथम पुरस्कार 300/-
द्वितीय पुरस्कार 200/-
तृतीय पुरस्कार 100/-

Link:- https://forms.gle/gLo4zvD3jkuBUyd36

संयोजक:- श्री संजय कुमार (हिन्दी विभागाध्यक्ष) 9991524069

प्राचार्या:- श्रीमती बबीता पवार

नोट:- प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को नकद राशि के साथ-साथ ई प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

हिन्दी दिवस

ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

# हिन्दी दिवस

## 14 सितम्बर 2021

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जीन्द में महाविद्यालय की साहित्य परिषद् व हिन्दी विभाग के द्वारा हिन्दी दिवस (14 सितम्बर 2021) के उपलक्ष्य में ऑनलाइन, राज्य स्तरीय कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय के 55 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता की। इस प्रतियोगिता में डीएवी महाविद्यालय अम्बाला (शहर) की बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्रा वीरांगना ने प्रथम स्थान, राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जीन्द बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मधु ने द्वितीय स्थान, जीवीएम कन्या महाविद्यालय सोनीपत की छात्रा तनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी दिवस के सुअवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार ने कहा कि एक स्वतन्त्र देश के लिए स्वयं की एक भाषा होती है जो उस देश के मान सम्मान और गौरव होती है भाषा और संस्कृति ही उस देश की असली पहचान होती है। विश्व में अनेक भाषा बोली जाती हैं, इन सभी भाषाओं में हिन्दी भाषा का अपना महत्व है। विश्व में हिन्दी भाषा दूसरे स्थान पर बोली जाती है। इस सुअवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रीति पवार जी ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी मात्र एक भाषा ही नहीं है, यह हमारी मातृभाषा है। हिन्दी भाषा को हीन भाषा न समझ कर गौरवान्वित होना चाहिए क्योंकि हिन्दी भाषा सर्वगुण संपन्न है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी ताकि विद्यार्थियों के अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सके। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका में रहे डॉ. पुनीत कुमार सहायक प्राध्यापक हिन्दी, राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय (पलवल (हसनपुर)) डॉ. धर्मवीर जी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौडा और श्री सतबीर कुमार जी सहायक प्राध्यापक हिन्दी, इस सुअवसर पर श्रीमती सरस्वती, श्री दीपक कुमार जी। श्री प्रदीप कुमार जी, श्री नवीन जी, श्री दिनेश जी मौजूद रहे।

हिन्दी विभागाध्यक्ष

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Page No.
Date : / /20

- 7-12-2021

# बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित



जगत क्रान्ति ⏭ जीन्द

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा विशेष दिवस आयोजन समिति और हिंदी विभाग और सामाजिक विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस उपलक्ष पर उनको श्रद्धांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य बबिता पवार ने उनके विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किए और उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए और उनके विचारों जीवन में उतरना चाहिए। विशेष दिवस आयोजन समिति के प्रभारी प्रदीप कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल ने बताया कि हमें भारत रत्न, महान शिक्षा शास्त्री, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री के संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके द्वारा दिए गए अधिकारों को जानना चाहिए। हम सबको भारतीय सविधान को पढ़ना चाहिए और उसका पालन करना चाहिए। संजय कुमार सहायक प्राध्यापक हिंदी ने सविधान में महिलाओं को दिए गए अधिकारों के बारे में बताया और कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित किया। दूसरी ओर इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगित का मुख्य उद्देश्य समाज में उनके द्वार किए गए कार्यों का प्रकाश डालना था।

---

बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस
पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और
— भाषण प्रतियोगिता —

Page No. 6-12-2021
Date : / /20

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा विशेष दिवस आयोजन समिति और हिंदी विभाग और सामाजिक विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस उपलक्ष पर श्रद्धांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य बबीता पवार ने उनके विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया और उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए और उनके विचारों को सांझा जीवन में उतारना चाहिए। विशेष दिवस आयोजन समिति के प्रभारी प्रदीप कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल ने बताया कि हमें भारत रत्न, महान शिक्षा शास्त्री, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री के संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके द्वारा दिए गए अधिकारों को जानना चाहिए। हम सबको भारतीय संविधान को पढ़ना चाहिए। और उसका पालन करना चाहिए। संजय कुमार सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने संविधान में महिलाओं को दिए गए अधिकारों के बारे में बताया और कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित किया। दूसरी ओर इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालना था।

हिन्दी विभागाध्यक्ष

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस
के उपलक्ष्य में
## " हमारी हिन्दी महोत्सव "
दिनांक :- 10 जनवरी 2022
प्रतियोगिता :- नारा लेखन एवं निबन्ध लेखन

अपलोड करने का लिंक :- https://forms.gle/sYXF3BSpYR9n5dte




संयोजक
संजय कुमार
विभागाध्यक्ष हिन्दी

संरक्षक
श्रीमती बबीता पवार
प्राचार्या

---

Page No.
Date : / /20

'विश्व हिन्दी दिवस'

10 जनवरी 2022

10 जनवरी 2022 को 'विश्व हिन्दी दिवस' के सुअवसर पर पिल्लूखेड़ा में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में ऑनलाइन निबन्ध लेखन व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 33 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की छात्रा सोनु ने प्रथम स्थान, वर्षा द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की छात्रा मन्जू ने प्रथम स्थान, प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्रा सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका अदा की श्री दीपक कुमार जी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, श्री प्रदीप कुमार जी सहायक प्राध्यापक भूगोल, श्री नवीन कुमार जी सहायक प्राध्यापक इतिहास और श्री दविन्द्र जी सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र मौजूद रहे। इस सुअवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार जी ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएँ दी। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी ने प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी और भविष्य में महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

हिन्दी विभागाध्यक्ष

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

हरिभूमि
रोहतक - जींद
24 Apr 2022

# कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वावधान में डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिल कर किया गया। प्रतियोगिता में पांच राउंड थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। भूगोल विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि महाविद्यालय इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ता रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कविता, अन्नू, ज्योति, कुसुम की टीम, द्वितीय स्थान पर तमन्ना, संतोष, अंजलि, तनुजा, तृतीय स्थान पर रितु, संगीता, अमन, शिवानी, अंजू, पूजा, सोनू की टीम रही।

# राजकीय कन्या कॉलेज में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे मनाया



अमर उजाला ब्यूरो ▸▸ जींद

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वावधान में डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिलकर किया गया। प्रतियोगिता में 5 राउंड थे-ज्योग्राफी राउंड, इंग्लिश लैंग्वेज राउंड, इकोनॉमिक्स राउंड व हिंदी भाषा राउंड, स्पोर्ट्स राउंड। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।

प्रत्येक टीम में 4 प्रतिभागी थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, क्विज मास्टर एवं अपने-अपने विषयों के विभागाध्यक्ष संजय कुमार, प्रदीप कुमार व देवेंद्र ने अपने अपने विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे।

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

**Date: 23/04/2022**

## Activity Report

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 23 अप्रैल को राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थ डे एवं इंग्लिश लैंग्वेज डे के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के तत्वाधान में डिपार्टमेंट ऑफ ज्योग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स व डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी द्वारा मिलकर किया गया। प्रतियोगिता में 5 राउंड थे-ज्योग्राफी राउंड, इंग्लिश लैंग्वेज राउंड, इकोनॉमिक्स राउंड व हिंदी भाषा राउंड, स्पोर्ट्स राउंड। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। प्रत्येक टीम में 4 प्रतिभागी थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार जी के संबोधन से हुई। कार्यकारी प्राचार्य जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता शुरू करने की औपचारिक अनुमति प्रदान की। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार, क्विज मास्टर एवं अपने-अपने विषयों के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार, श्री प्रदीप कुमार व श्री देवेंद्र ने अपने अपने विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे।

भूगोल विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि महाविद्यालय इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ता रहे। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों का उत्तर देकर इस आयोजन की सार्थकता को सिद्ध किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:

**प्रथम स्थान: (Team-J)**

कविता (B.A.III, R. No. 40), अन्नू (B.A.III, R. N. 49), ज्योति (B.A.III, R. N. 02), कुसुम (B.A.III, R.N. 12)।

**द्वितीय स्थान: (Team-I)**

तमन्ना (B.A.II, R. No. 4), संतोष (B.A.II, R. No. 38), अंजलि (B.A.II, R. No. 33), तनुजा (B.A.II, R. N. 122)।

**तृतीय स्थान: (Team- K & E)**

रितु (B.A.III, R. No. 108), संगीता (B.A.III, R. No. 110), अमन (B.A.III, R. No. 10) शिवानी (B.A.III, R. No. 57),अंजू (B.A.I, R. No. 112),पूजा (B.A.III, R. No. 79), सोनू (B.A.III, R. No. 53), ज्योति (B.A.III, R. No. 101)।

श्री प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, भूगोल

श्री दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी & IQAC Co-ordinator 23/04/2022

श्री देवेंद्र, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र

श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, हिंदी

23/04/22

Principal प्राचार्य
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# Media Coverage: 06/05/2022

**हरिभूमि** रोहतक - जीन्द 6 May 2022

## श्रमिकों के लिए में छात्राओं ने बनाए पोस्टर


जींद। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो: हरिभूमि

## राजकीय कन्या कालेज में हुई इंटर कालेज पोस्टर प्रतियोगिता



**पंजाब केसरी** Fri,06 May 2022 Edition: jind kesari, Page no. 4

## अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन

जींद : आज दिनांक 5 मई, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की



आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियों, तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या बबीता पवार के सम्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र ने इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाईजेशन तथा यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जेंडर पे गैप पर प्रस्तुत रिपोर्ट को संदर्भित करते हुए वैश्विक स्तर पर मौजूद जेंडर पे गैप पर विचार साझा किये तथा भारत में श्रम कानूनों में सुधार की जरूरत बताया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। समाज के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हुए इस आयोजन का सुखद पहलू ये रहा कि सभी छात्राओं ने बाल श्रमिक की समस्या, महिलाओं श्रमिकों की भूमिका, भविष्य, मौजूद असमानताओं व शोषण को अपने ज्ञान स्तर से परे प्रस्तुत किया।

## चित्र प्रदर्शनी में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू रही प्रथम

जींद। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में वीरवार को राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इसमें परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान विषय पर छात्राओं ने चित्र बनाए। इसमें बीए अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममता तीसरे स्थान पर रही। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया।

प्राचार्य बबीता पंवार ने बताया कि अर्थशास्त्र व हिंदी विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों की देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियां तथा श्रमिक शोषण पर चित्र बनाने थे। इसके अलावा कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र, संजय कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।


छात्राओं को सम्मानित करता स्टाफ। हरिभूमि

---

# कार्यालय प्राचार्या, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

Memo:- २४५ दिनांक: 05/05/2022

## Activity Report

### Poster Presentation Competition

दिनांक 5 मई, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में अर्थशास्त्र विभाग एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर अन्तरा-महाविद्यालय पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय परिवार में महिला श्रमिकों का योगदान, श्रमिकों का देश की आर्थिक संवृद्धि में भूमिका, कुशल तथा अकुशल श्रमिकों की चुनौतियों, तथा श्रमिक शोषण पर आधारित था। इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी के सम्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को होने वाली समस्याओं तथा समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक श्री देवेन्द्र जी ने इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाईजेशन तथा यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जेंडर पे गैप पर प्रस्तुत रिपोर्ट को संदर्भित करते हुए वैश्विक स्तर पर मौजूद जेंडर पे गैप पर विचार सांझा किये तथा भारत में श्रम कानूनों में सुधार की जरूरत बताया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने प्रतिभागिता करके अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। समाज के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हुए इस आयोजन का सुखद पहलू ये रहा कि सभी छात्राओं ने बाल श्रमिक की समस्या, महिलाओं श्रमिकों की भूमिका, भविष्य, मौजूद असमानताओं व शोषण को अपने ज्ञान स्तर से परे प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान), श्री दीपक कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी) तथा श्री प्रदीप कुमार जी (सहायक प्राध्यापक, भूगोल) द्वारा निभाई गयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बी. ए. अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू ने श्रमिकों के आर्थिक विकास में योगदान पर अपने पोस्टर को प्रेजेंट किया। द्वितीय स्थान पर रही बी. ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु ने महिला श्रमिकों के शोषण की समस्याओं को अपने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। जबकि तीसरा स्थान पर रही बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने बाल मजदूरी तथा शोषण को ध्यान में रखकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री संजय कुमार जी ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों से अवगत होने के लिये प्रेरित किया तथा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का अंत किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

| | | |
|---|---|---|
| (signature) 5/5/2022<br>Convener | (signature) 05/05/2022<br>Co-Convener | (signature)<br>Principal<br>Govt. College for (W)<br>Pillu Khera (Jind) |

Page No.
Date : / /20

# Hindi Diwas (14 Sept 2022)

## राजकीय कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता



हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता। • विज्ञप्ति।

हिंदी दिवस

जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने करते हुए कहा कि हिंदी भाषा को कब और कैसे राजभाषा का दर्जा मिला। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के बारे में बताया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने प्रतिभागिता दर्ज की। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मेघा ने द्वितीय एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 15-09-2022

## भाषण में नैंसी अव्वल

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कॉलेज में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें नैंसी प्रथम, मेघा दूसरे और तमन्ना तथा नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता, संजय कुमार, रमेश कुमार, दीपक, प्रदीप मौजूद रहे।

## पिल्लूखेड़ा कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता, नैंसी रही प्रथम

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कालेज में हिंदी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कालेज में भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसकी शुरुआत प्राचार्य डा. ओ.पी. गुप्ता ने की। हिंदी विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने भी हिंदी के महत्व के बारे में अवगत करवाया। प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका रमेश कुमार, दीपक, प्रदीप ने निभाई। इसमें नैंसी प्रथम, मेघा दूसरे और तमन्ना तथा नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Page No.
Date : / /20

# राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

दिनांक: 14 सितंबर, 2022

## हिन्दी दिवस

दिनांक 14 सितंबर को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद) में हिन्दी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस सुअवसर पर हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर ओ पी गुप्ता जी के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि हिंदी भाषा को कब और कैसे राजभाषा का दर्जा मिला। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार ने छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया और हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के बारे में बताया ।इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने प्रतिभागिता दर्ज की। निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश कुमार, सह-आचार्य पॉलिटिकल साइंस, श्री दीपक कुमार, सह-आचार्य अंग्रेजी एवं श्री प्रदीप कुमार, सह-आचार्य भूगोल ने निभाई। बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने प्रथम स्थान, बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा मेघा ने द्वितीय एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना और बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

हिन्दी विभागाध्यक्ष

Principal
प्राचार्य
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

/20

# राजकीय कन्या कालेज में हुई प्रतियोगिताएं



पिल्लूखेड़ा के कन्या कालेज में आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता। (छाया)

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कालेज में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की कुल 55 छात्राओं ने प्रतिभागिता की और छात्राओं ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों एवं महिलाओं को संविधान में दिए गए अधिकारों पर अपने विचार सांझा किए।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ बताया और कहा कि बौद्ध ग्रंथों के अनुसार महात्मा बुद्ध की मृत्यु को महापरिनिर्वाण माना जाता है। महापरिनिर्वाण एक संस्कृत भाषा से लिया गया शब्द है, जिसका अर्थ मृत्यु के बाद निर्वाण है।

पोस्टर पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में मेघा प्रथम, तुलसी द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग में रीतू प्रथम, कोमल द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रही।

## पोस्टर बनाओ स्पर्धा में ओमपती प्रथम

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने बताया कि पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण स्पर्धा में मेघा प्रथम, तुलसी द्वितीय और साक्षी तृतीय और स्लोगन लेखन में रितु प्रथम, कोमल द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रहीं। संवाद

---

**OFFICE OF THE PRINCIPAL,**
**GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Memo No.** 954 **Date:** 07/12/2022

**Activity Report**

**भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस**

आज दिनांक 6 दिसंबर 2022 को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेडा (जीन्द) के प्रांगण में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में परम पूजनीय भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की कुल 55 छात्राओं ने प्रतिभागिता की और छात्राओ ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों एवं महिलाओं को संविधान में दिए गए अधिकारों पर अपने विचार सांझा किए । महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ बताया और कहा कि बौद्ध ग्रंथों के अनुसार महात्मा बुध्द की मृत्यु को महापरिनिर्वाण माना जाता है। महापरिनिर्वाण एक संस्कृत भाषा से लिया गया शब्द है जिसका अर्थ 'मृत्यु के बाद निर्वाण' है। परिनिर्वाण को कर्म, मृत्यु और जन्म के चक्र से मुक्ति माना जाता है। यह बौध्द कलैण्डर के अनुसार एक पवित्र दिन है। महात्मा बुध्द को इसी दिन मुक्ति मिली थी। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका साहित्य परिषद के प्रभारी एवं सहायक प्रोफेसर दीपक कुमार , प्रदीप कुमार और देवेंद्र ने; नारा लेखन में श्री प्रदीप कुमार और रमेश कुमार ने; एवं भाषण प्रतियोगिता में श्री रमेश कुमार, श्रीमती रविंद्र और श्री प्रदीप कुमार ने निभाई। पोस्टर पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु दवितीय और अनु तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में मेघा प्रथम, तुलसी दवितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग में रितु प्रथम, कोमल दवितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रही ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, नॉन टीचिंग एवं छात्राओं ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें कोटि कोटि नमन किया।

प्रभारी

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Page No.
Date : / /20

## निबंध लेखन स्पर्धा में शिवकुमार पोस्टर मेकिंग में विशाल रहे प्रथम

संवाद सूत्र, नरवाना : राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जलियांवाला बाग हत्याकांड स्मृति दिवस एवं डा. भीम राव आंबेडकर जयंती पर निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवकुमार ने प्रथम स्थान, आंचल ने द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विशाल ने प्रथम स्थान, कर्मजीत कौर ने द्वितीय व रमन और मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस प्रभारी विनोद कुमार व मनेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को डा. भीमराव आंबेडकर द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। प्राचार्या प्रियंका चौधरी ने कहा कि जहां से अच्छा मार्ग मिलता है।

### भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया प्रथम स्थान

जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने कहा कि हमें महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिह्नों पर चलना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी, द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना व तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन रही।



पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का

## महाविद्यालय में किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा ज्योतिराव फुले और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और डा. अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष ने महात्मा ज्योतिराव फुले के सामाजिक परिवर्तन, नारी शिक्षा, उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि हमारे महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार और गैर-शैक्षणिक सदस्य गोविंद, संदीप, यशपाल, सीमा और संतोष मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता के परिणाम बीए प्रथम वर्ष से साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तमन्ना, बी ए तृतीय वर्ष से तमन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष से सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

**Memo.No** 1095 **Date:** 15/04/2023

## Activity Report

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा ज्योतिराव फुले और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी गुप्ता जी ने शिरकत की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन के बारे में अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम संयोजक श्री संजय कुमार ,हिंदी विभागाध्यक्ष ने महात्मा ज्योतिराव फुले के सामाजिक परिवर्तन, नारी शिक्षा, उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि हमारे महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। प्रतियोगिता सह - संयोजक श्री दीपक कुमार, प्रभारी साहित्यिक परिषद ने छात्राओं को भारत के संविधान के बारे में अवगत करवाया तथा महात्मा ज्योतिराव फुले जी द्वारा नारी सशक्तिकरण हेतु किए गए विभिन्न कार्यों से अवगत करवाया इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्य मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रजत कुमार, श्री दीपक कुमार ,श्री ग्रीन कुमार ने निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार,श्री देवेंद्र कुमार, और गैर-शैक्षणिक सदस्य श्री गोविंद, श्री संदीप, श्री यशपाल, श्रीमती सीमा और श्रीमती संतोष मौजूद रहे।

**भाषण प्रतियोगिता के परिणाम:-**

**प्रथम स्थान:** साक्षी, बी ए प्रथम वर्ष
**द्वितीय स्थान:** तमन्ना ,बी ए तृतीय वर्ष
**तृतीय स्थान:** सुमन ,बी ए प्रथम वर्ष

| | | |
|---|---|---|
| संयोजक | सह -संयोजक | प्राचार्य / Principal |
| श्री संजय कुमार | श्री दीपक कुमार, | Govt. College for Girls |
| हिंदी विभागाध्यक्ष | प्रभारी साहित्यिक परिषद | Pillu Khera (Jind) |

# निबंध लेखन में छात्रा ममता अव्वल

## राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा के हिंदी विभाग की ओर से स्पर्धा का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा के हिंदी विभाग की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रा ममता अव्वल रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने किया।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में विभिन्न विषयों पर निबंध लिखने की आवश्यकता होती है। निबंध लेखन से कई फायदे होते हैं। इससे किसी विषय से जुड़ी जानकारी को व्यवस्थित रूप देना और विचारों को अभिव्यक्त करने का कौशल विकसित होता है।

उन्होंने बताया कि निबंध लिखने की गतिविधि से विद्यार्थियों के ज्ञान के दायरे का विस्तार होता है, जो शिक्षा के अहम उद्देश्यों में से एक है। किसी भी विषय पर निबंध या लेख लिखने से विषय के बारे में समालोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।

हिंदी विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला सशक्तीकरण, हिंदी भाषा व कंप्यूटर, विश्व भाषा की ओर बढ़ते हिंदी के कदम, नारी शिक्षा और नई शिक्षा नीति 2020 महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी रुचि के विषय के अनुसार प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ममता प्रथम, कोमल द्वितीय तथा स्नेह तृतीय स्थान पर रहीं।


प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। संवाद


विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते उप प्राचार्य रमेश। संवाद

### मानवाधिकार व लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर सेमिनार में प्रीति प्रथम

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में मानवाधिकार क्लब, लैंगिक अध्ययन क्लब व लोक प्रशासन क्लब के संयुक्त रूप से लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. सुमेत रानी के मार्गदर्शन में सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उप प्राचार्य रमेश दलाल ने भाग लिया तथा मुख्य वक्ता की भूमिका रमेश पोषक ने निभाई। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. संदीप शर्मा, रमेश गोयत तथा प्रदीप ने निभाई। सेमिनार में कुल 17 विद्यार्थियों ने पीपीटी व पेपर रीडिंग के माध्यम से विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। सेमिनार का मुख्य विषय मानवाधिकार व लैंगिक संवेदनशीलता था। सेमिनार में प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान कुमारी प्रीति, दूसरा स्थान कुमारी रेखा तथा तीसरा स्थान कुमारी मुस्कान ने हासिल किया। मुख्यातिथि उप प्राचार्य रमेश दलाल व उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुमन खटक, निधि गुप्ता, डा. उषा के अलावा क्लब सदस्य मोनिका, रजत, रेखा, सोमा, सौरभ, जानी, मंजू, अंजू, अंजलि, वर्षा, मनीषा, अन्नू, ज्योति, मेनका, कुमारी मीना तथा लगभग 115 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निबंध लेखन में ममता रही प्रथम, कोमल द्वितीय और स्नेह तीसरे स्थान पर


पिल्लूखेड़ा के राजकीय कालेज में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा के हिंदी विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की। इसका शुभारंभ प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में विभिन्न विषयों पर निबंध लिखने की आवश्यकता होती है। महिला सशक्तिकरण, हिंदी भाषा व कंप्यूटर, विश्व भाषा की ओर बढ़ते हिंदी के कदम, नारी शिक्षा और नई शिक्षा नीति 2020 महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी रुचि के विषय के अनुसार इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. सतीश कुमार, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. सुमिता आशरी, वाणिज्य विभागाध्यक्ष रजत कुमार ने भूमिका अदा की। डा. सतीश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रथम स्थान पर छात्रा ममता प्रथम, कोमल ने द्वितीय और स्नेह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, सुरक्षा, रविंद्र, देवेंद्र कुमार और ग्रीन कुमार मौजूद रहे।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में ममता प्रथम

भास्कर न्यूज | जींद

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा के हिंदी विभाग की ओर से महाविद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता परिणाम में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ममता प्रथम, कोमल द्वितीय और स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में निबंध लेखन की बहुत आवश्यकता होती है।

